अपील सं. 48/2016 धारा-75 LRAct अनवान खेताराम v/s स्टेट. विद्यादेवी

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.4.2018	आज यह पत्रावली प्रार्थी अपीलान्ट खेताराम पुत्र किसनाराम जाति बावरी निवासी 5एमएलडी तहसील घड़साना जिला श्रीगंगानगर जरिये श्री नरसाराम जाखड़ अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गयी । प्रार्थी खेताराम की ओर से अभिभाषक अपीलान्ट ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि पक्षकारान आपस में भाई बहिन है, लोक अदालत की भावना से इनमें आपस में राजीनामा हो चुका है । प्रार्थी अपीलान्ट उक्त अपील को आगे चलाना नहीं चाहता है। अतः अपील अपीलान्ट जरिये विड्रा खारिज फरमाई जावे । हमने प्रार्थी अपीलान्ट खेताराम जरिये श्री नरसाराम अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। इस न्यायालय में यह अपील तहसीलदार (भू.अ.)घड़साना द्वारा रिमाण्ड प्रकरण अनवान विधादेवी बनाम खेताराम में पारित निर्णय दिनांक 28.12.2015 एवं पालना में दर्ज किये गये विरास्तन इन्तकाल सं0 191 चक 5एलएलडी''बी'' दिनांक 5.1.16 के विरुध्द अपीलान्ट खेताराम द्वारा यह प्रथम अपील सं0 48/2016 अनवान खेताराम बनाम विद्यादेवी प्रस्तुत होकर इस न्यायालय में विचाराधीन है । प्रार्थी अपीलान्ट उक्त अपील को आगे चलाना नहीं चाहता है । अतः यह अपील अपीलान्ट जरिये विड्रावल (Withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है । आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित हो तथा पत्रावली निर्णीत शुमार होकर बाद तकमीली दाखिल दफ्तर हो । आदेश सुनाया गया । संभागीय आयुक्त बीकानेर	LTI खेताराम 11.4.18